Regarding need to restart operation of Train Nos. 03219/03220-Laid

श्री सुनील कुमार (वाल्मीकि नगर) **:** मैं माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र वाल्मीकि नगर, बिहार की महत्वपूर्ण समस्या की ओर आकृष्ट कराना चाहता हूँ कि मेरा संसदीय क्षेत्र नेपाल एंव उतर प्रदेश की सीमा पर अवस्थित है । यहाँ से राज्य की राजधानी पटना जाने के लिए कोई भी अच्छी ट्रेन नही है । एक ट्रेन पाटलिपुत्र से गोमती नगर/पाटलिपुत्र (वाया मुजफ्फरपुर, मोतिहारी, बेतिया, नरकटियागंज, वाल्मीकि नगर तथा गोरखपुर) गाड़ी संख्या 03219/03220 चलती थी, जिसे 2023 में बंद कर दिया गया । यह गाड़ी महात्मा गांधी की कर्मभूमि चंपारण के रास्ते होते हुए पड़ोसी देश नेपाल एवं सीतामढ़ी, जो सीता माता की जन्मस्थली है, को जोड़ते हुए एवं गोरखपुर से पटना को जोड़ने वाली वाया नरकटियागंज मोतिहारी होते हुए जाने वाली महत्वपूर्ण ट्रेन थी I इस ट्रेन के बंद होने से परेशान होकर मुजफ्फरपुर, मोतिहारी, बेतिया, बगहा तथा बाल्मीकि नगर के आम नागरिकों ने ट्रेन को चालू करने के लिए बार-बार निवेदन किया, किन्तु अभी तक इस ट्रेन को चालू नही किया गया हैI माननीय रेल मंत्री जी से मेरा निवेदन है कि जो गाड़ी संख्या 03219/03220 बंद पड़ी है उसे पुन: चालू किया जाय, जिससे आम नागरिकों एवं विद्यार्थियों की समस्या का निदान हो सके ।